तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 मुख्य सचिव ने आवास, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सकीय सुविधा...



11 श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में संत निरंजन ....



## खबर संक्षेप

### बाइक पार्किंग पर युवक ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** मोटर साइकिल खड़े करने की बात को लेकर युवक ने गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम खेरथा बाजार निवासी गोपी राम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि देवरी बस स्टैण्ड से अपने घर ग्राम खेरथा बाजार जा रहा था कि शाम ग्राम परसुली, खेरथा बस स्टैण्ड के पास रोड किनारे अपने मोटर साइकिल सीजी 24 यू 4400 को खडा किया था उसी समय हमारे गांव के तरूण सोनी आया और मोटर साइकिल खडा करने की बात को लेकर मुझे गालियां देते हुए हांथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में गिरा दिया, जिससे मुझे सीना व गले में चोंट आया है।

### चिचबोड़ में मेला मड़ई का आयोजन आज

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चिचबोड़ मे 5 जनवरी सोमवार क़ो मेला मड़ाई का आयोजन रखा गया है ग्रामीण ताम्रध्वज साहू ने बताया वही ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढी नाचा पार्टी माँ के ममता (चिखली) बांधाबाजार वाले अपनी प्रस्तुति देंगे।

### पटेल संघ की तहसील स्तरीय बैठक 4 को

**गुरूर।** ग्राम पटेल संघ का तहसील स्तरीय बैठक 4 जनवरी रविवार को रखा गया है। जिसमे ग्राम के सभी ग्राम पटेल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सूरज राम लावत्रे ने दी।

### लाटाबोड़ में रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन

**लाटाबोड़।** नववर्ष एवं मकारसक्रांति के पावन अवसर पर ग्राम लाटाबोड़ मे छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन जय सरस्वती लोक संगीत रामधुनी पार्टी एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से 17 एवं 18 जनवरी क़ो रखा गया है आयोजन समिति के अध्यक्ष चन्द्रहास सोरी ने बताया रामधुनी प्रतियोगिता का यह 32 वॉ वर्ष है इसमें प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये द्वितीय 2501 तृतीय 2001 चतुर्थ 1801 पंचम 1501 छटवा पुरस्कार 1101 के साथ ही प्रवेश शुल्क 101 रूपया रखा गया है।

कार्रवाई

तीन दिन के भीतर दूसरी राइस मिल में सीलबंदी

# धान उठाव के लिए पंजीयन नहीं कराया, राइस मिल सील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

प्रशासन द्वारा तीन दिन के अंदर दूसरी राइस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई है। केजीएन राइस चिरचारी मे 31 दिसंबर को कार्रवाई की गई थी। अब गोविंद राइस मिल बालोद को सील करने की कार्रवाई की गई है।

धान खरीदी के बाद समितियों में हो रही जाम की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा मिलरों पर कार्रवाई की जा रही है। मिलर समितियों से धान उठाने के प्रति रूचि नहीं दिखा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीयन नहीं करवा रहे हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी–बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि उपज मंडी के जांच दल के द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत एसडीएम बालोद नूतन कंवर द्वारा गोविंद राइस मिल द्वारा वर्ष 2025–26 के लिए कस्टम मीलिंग हेतु ऑनलाइन पंजीयन नही कराए जाने पर गोविंद राईस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान तहसीलदार आशुतोष शर्मा, सहायक ▸▸| शेष पेज 10 पर

**केंद्र में धान जाम होने के बाद उठाव के कर रहे कार्रवाई**



नियमों का कर रहे उल्लंघन



तहसीलदार आशुतोष शर्मा ने बताया कि गोविंद राइस मिल बालोद के द्वारा गत वर्ष भारतीय खाद्य निगम एवं पीडीएस गोदाम में 85 प्रतिशत चावल जमा करने के बावजूद वर्ष 2025–26 में कस्टम मीलिंग हेतु ऑनलाइन पंजीयन नही कराया गया है। यह छत्तीसगढ़ कस्टम मीलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4(1) का उल्लंघन एवं आदेश कंडिका 09 के तहत दंडनीय है। जिसके फलस्वरूप एसडीएम नूतन कंवर के द्वारा गोविंद राईस मिल बालोद को सील करने की कार्रवाई की गई है।

## सुरपा सेवा सहकारी समिति में धान क्रय विवाद पर जांच में क्लीन चिट

**जामगांव आर।** सोसायटी में टोकन ऑनलाइन और ऑफलाइन का निर्धारित माप दंड तय है। कुछ प्रभावशाली ऑफ लाइन का लाभ उठाने में असफल होने पर नेता प्राधिकृत अधिकारी के साथ ही नेतागिरी करने पर उतर आते है ऐसा ही वाकया सेवा सहकारी समिति सुरपा में घटित होती दृष्टिगोचर होने लगी है। खरीदी के समय धान की तौल में गड़बड़ी की शिकायत करके घेरने का असफल प्रयास किया गया।

एसडीएम लव केश ध्रुव के निर्देश पर जांच करने अधिकारियों का दल सुरपा सोसायटी पहुंचकर जांच किया तो तौल निर्धारित मापदंड के अनुरूप पाया और शिकायत को बेबुनियाद बताया। खोदी पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत चरितार्थ होने पर अंदर खाने ऑफलाइन टोकन नहीं कटने से हुए खफा की बात आम चर्चा में सामने आने लगी है। समिति प्रबंधक टंडन से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुरपा, नवागांव,



टेमरी, धमना के 1496 किसानों में से 781 किसानों ने 41108 क्विंटल धान बेचे। किसानों को 9 करोड़ 7491 हजार रुपए का भुगतान हो चुका है, परिवहन 35208 क्विंटल का शेष है। वारदाना 37861 नग उपलब्ध है। टोकन मापदंड के अनुरूप क्रय चल रहा है। प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू ने कहा कि किसानों का धान मापदंड अनुसार क्रय किया जाना सुनिश्चित है। किसी ट किसानों को परेशानी नहीं आएगी।

### कहीं पे निगाहे कहीं पे निशाना कोई भी ना चलाए: साहू

क्षेत्र के प्रभावशाली भाजपा नेता जिला पंचायत सभापति कल्पना साहू के पति भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू सेवा सहकारी समिति सुरपा के प्राधिकृत अधिकारी है। साहू ने कहा कि किसान के साथ कोई भी नाइंसाफी ना हो यह हम सबका प्रथम दायित्व है और किसी को ऐसा लगता है तो मुझे अवश्य अवगत कराए अविलंब देखा जाएगा। लेकिन अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए कही पे निगाहे कही पे निशाना कोई भी ना चलाए। इससे सही काम करने वाले कर्मचारियों का मनोबल गिरता है। जिसका नुकसान तो किसानों को ही होता है। नेतागिरी किसान हित में करे। जांच में क्लीन चिट से शिकायत कर्ता की झूठी मंशा बेनकाब हो गई। ▸▸| शेष पेज 10 पर

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवा आरक्षक का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



■ नौकरी में पुन: बहाली के बाद भी महीनों से गांव में था युवक

नौकरी में पुनः बहाली के बाद भी नौकरी में ना जाकर महिनो से गांव में रह रहे आरक्षक युवक की संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। जिसके बाद शव को पीएम करने के बाद परिजनो को शव सौप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम टेकापार निवासी रिकेश पटेल 35 वर्श जो मानपुर मोहला में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे।

मृतक आरक्षक पिछले कुछ महीनों से गांव में देखा जा रहा था। ग्रामीणों एवं परिचितों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में उसके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई भी हो चुकी थी, जिसके बाद पुनः बहाली की गई थी। हालांकि बहाली के लगभग एक माह बाद से वह लगातार गांव मे ही देखा जा रहा था। जिसके बाद गुरुवार को अचानक गांव के समीप खेत के बीच शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव का पीएम होने के बाद परिजनो को सौप दिया गया।

## बस की ठोकर से युवक घायल अस्पताल में इलाज जारी



**बालोद।** ढाबा के पास खड़े युवक को बस ने ठोकर मार दी। जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने युवक को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे पर गुरूर ब्लाक के ग्राम चिटौद के पास स्थित ढ़ाबा के सामने युवक खड़ा था इसी दौरान पुरूर की ओर से आ रही बस ने सड़क किनारे खड़े युवक को जोरदार ठोकर मार दी। जहां बस की ठोकर से युवक वही गिर गया जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने युवक को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया जहां युवक का ईलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार युवक की पहचान हटकेसर वार्ड धमतरी निवासी महेंद्र रावटे पिता बृजलाल रावटे के रूप में हुई है।

## विधायक और जिलाध्यक्ष ने ग्राम विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद व जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने ग्राम परसदा में नवीन सामुदायिक भवन, बाजार चौक में सामुदायिक भवन एवं टीना शेड निर्माण का लोकार्पण एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक ने समृद्ध गुण्डरदेही विधानसभा बनाने के लिए एक रोड–मैप के साथ कार्य कर रहें हैं। जिसमें सतत विकास व निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और किसानों और महिलाओं का सशक्तिकरण, सौन्दयऍकरण, सड़क, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था और ग्रामीण क्षेत्र में भी नगर व शहरों की तरह सभी सुविधाएं वहां निवासरत परिवारों तक पहुंचाकर उन्हें भी गुण्डरदेही विधानसभा की इस विकास यात्र से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रहें हैं। इन सभी विकास व निर्माण कार्यों से ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा।

गांव का विकास करना ही प्राथमिकता है इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं। विधायक ने कहा की ग्राम वासियों से संवाद और ▸▸| शेष पेज 10 पर

### कुम्हार समाज को 5 एकड़ जीवनोपार्जन भूमि मिलने का रास्ता साफ

**कुसुमकसा।** सरकार के तरफ से प्रत्येक गांव में जहां कुम्हार समाज की संख्या अधिक हैं वहा जीवन यापन के लिए व रोजगार के लिए 5 एकड़ जमीन दिए जाने योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा के साथ कुम्हार समाज के लोग तहसीलदार को ज्ञापन दिया। कुम्हार समाज के द्वारा पिछले 25 साल से जीवकोपार्जन हेतु भूमि की मांग करते आ रहे है जिसमे भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा की हस्तक्षेप से अब कुम्हार समाज को बहुत जल्द ही 5 एकड़ जमीन मिलने की उम्मीद जगी हैं जिसमे पटवारी व आर आई के द्वारा जमीन का सीमांकन किया गया है,जिसमे खसरा नंबर 853 रकबा 0.38 हेक्टेयर 587, 588रकबा का 0.31 व 0.04का भूमि को कुम्हार समाज को जीवकोपार्जन के लिए आरक्षित किया जाये पूर्व मे भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ कुम्हार समाज के पदाधिकारी कांकेर लोक सभा के सांसद भोजराज नाग से उनके निवास अंतागढ़ में मिलकर अपनी समस्या बताई थी तदसामय सांसद ने भी आश्वासन दिया था , तहसीलदार को ज्ञापन देने योगेंद्र कुमार सिन्हा के साथ कुम्हार समाज के अध्यक्ष रामेस्वर पड़े नरेश पांड़े बरसाती पाड़े कमलेश पाड़े रुपसिंग चक्रधारी श्री मति मंजू चकधारी भजपा मंडल मंत्री उपस्थित थे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव

उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।



## खबर संक्षेप

### सिकोला बस्ती से नेशनल हाईवे तक बनेगी एप्रोच रोड

**दुर्ग।** वार्ड 16 जयंती नगर सिकोला बस्ती से नेशनल हाईवे तक प्रस्तावित एप्रोच रोड निर्माण को लेकर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से सड़क निर्माण से जुड़ी आवश्यकताओं, समस्याओं और संभावित समाधानों पर विस्तृत चर्चा किए।
मंत्री यादव ने कहा कि एप्रोच रोड बनने से सिकोला बस्ती के नागरिकों को नेशनल हाईवे तक सीधी और सुरक्षित पहुंच मिलेगी, जिससे आवागमन सुगम होगा व क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण का इस्टीमेट तैयार किया जाए, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। साथ ही मंत्री यादव ने वार्ड के विकास को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक भवन निर्माण, आंतरिक सड़कों के सुधार तथा नालियों के निर्माण हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद खिलावन मटियारा, कांशीराम कोसरे, युवराज कुंजाम, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### विधायक चन्द्राकर ने स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

**दुर्ग।** संत सतपाल महाराज के प्रेरणा से मानव उत्थान समूह द्वारा दुर्ग पटेल चौक पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में शामिल दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने साफ सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें इसे अपनाने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही हमारा स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षित रह सकता है।

## पेज 9 के शेष

### धान उठाव के लिए ...

खाद्य अधिकारी संतोष कुमार सहित राजस्व निरीक्षक एवं कृषि उपज मंडी के निरीक्षक उपस्थित थे।

### सुरपा सेवा सहकारी ...

साहू ने कहा कि शिकायत की बजाय सुझाव दे तो किसानों का भला होगा और सुझाव कर्ता की छबि भी अच्छी बनी रहेगी। प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू ने सोसायटी में सेवारत सभी लोगों से भी कहा कि मापदंड अनुरूप कार्य करे शिकायत की स्थिति निर्मित होने पर संबंधित सेवक कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होंगे। किसी को अनर्गल बदनाम करके नाम कमाने की जुगत कतई उचित नहीं है।

### विधायक और...

उनके सुझाव से ही हम विधानसभा के प्रत्येक गांव को विकसित शिक्षित और सशक्त बनाएंगे। ये रहे उपस्थित : इस अवसर पर जनपद सदस्य दीपक साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस गुण्डरदेही भोजराज साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व सरपंच कचरू राम साहू, भोजराज साहू, सरपंच डिकेश्वरी तोरण साहू, मनोज कुमार साहू, मनहरण लाल साहू, हीरामन लाल साहू, चंद्रभान साहू सहित पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# नववर्ष 2026 का दुर्लभ ज्योतिषीय संयोग: गुरुवार से शुरू और गुरुवार को समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नववर्ष 2026 का आगमन एक अत्यंत दुर्लभ और शुभ ज्योतिषीय संयोग के साथ हो रहा है। 1 जनवरी 2026 गुरुवार को पड़ रहा है और विशेष बात यह है कि वर्ष का समापन भी गुरुवार, 31 दिसंबर को ही होगा। यह संयोग सनातन परंपरा में अत्यंत मंगलकारी माना जाता है और इसे ज्ञान, धर्म, समृद्धि व आर्थिक स्थिरता का प्रतीक कहा गया है। दल्लीराजहरा के ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार गुरुवार को वर्षारंभ होना विशेष फलदायी माना जाता है। सनातन धर्म में गुरुवार को शुभ एवं श्रेष्ठ कार्यों की शुरुआत का दिन माना गया है। विवाह, नामकरण, यज्ञ, व्रत, दान और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए यह दिन सर्वोत्तम माना जाता है।

■ हिंदू मान्यताओं में विशेष शुभ और फलदायी वर्ष की शुरुआत

## गुरुवार से नववर्ष 2026 का शुभारंभ, ज्ञान-धर्म और आर्थिक स्थिरता का शुभ



### दस वर्षों बाद बना दुर्लभ संयोग

यह विशेष संयोग लगभग दस वर्षों बाद बना है। इससे पहले वर्ष 2015 में 1 जनवरी गुरुवार को पड़ी थी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार पिछले 95 वर्षों में केवल 12 बार ही ऐसा हुआ है कि नया साल 1 जनवरी को गुरुवार से शुरू हुआ हो। वर्ष 2026 में यह 13वीं बार यह शुभ अवसर आया है। गुरुवारः गुरु बृहस्पति और विष्णु आराधना का दिनपंडित आचार्य सनत पाठक ,प्रेम शुक्ला के अनुसार गुरुवार को भगवान विष्णु, गुरु बृहस्पति और सत्यनारायण की पूजा का विशेष विधान है। इस दिन पीले वस्त्र धारण करना, चने की दाल, हल्दी, गुड़ और पीले फूलों का दान अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। अनेक श्रद्धालु गुरुवार का व्रत भी रखते हैं। गुरु बृहस्पति को देवताओं के गुरु और नीति, धर्म एवं ज्ञान का उपदेशक माना गया है। भगवान विष्णु को त्रिलोकीनाथ कहा गया है, जो संपूर्ण सृष्टि के पालनकर्ता हैं। मान्यता है कि वर्ष की पहली तिथि पर उनकी कृपा से धर्म की प्रतिष्ठा, जीवन की मर्यादा और आत्मिक शुद्धि संभव होती है।

### सभी धर्मों में गुरुवार का विशेष महत्व

ज्योतिषाचार्य पंडित संतोष शर्मा के अनुसार गुरुवार का महत्व केवल हिंदू धर्म तक सीमित नहीं है। जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई और मुस्लिम समाज में भी यह दिन आस्था, ज्ञान, दान और शुभ कार्यों से जुड़ा माना जाता है। बौद्ध परंपरा में यह ध्यान, करुणा और प्रज्ञा (ज्ञान) का प्रतीक है, वहीं जैन धर्म में गुरु वंदना, स्वाध्याय और संयम से इसका संबंध माना गया है।
**हिंदू नववर्ष भी गुरुवार सेः** इतना ही नहीं, वर्ष 2026 में हिंदू नववर्ष का शुभारंभ भी गुरुवार, 19 मार्च को गुड़ी पड़वा के साथ होगा। ज्योतिषियों का मानना है कि इससे यह संकेत मिलता है कि वर्ष पर गुरु ग्रह का विशेष प्रभाव रहेगा और धर्म, अध्यात्म, शोध एवं ज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होगी। कुल मिलाकर, गुरुवार से शुरू होकर गुरुवार को समाप्त होने वाला वर्ष 2026 आध्यात्मिक उन्नति, सामाजिक संतुलन और आर्थिक स्थिरता की दृष्टि से अत्यंत शुभ और विशेष माना जा रहा है।

## नववर्ष : जगह-जगह भंडारे और पर्यटन स्थलों पर दिखी रौनक

# आस्था, उल्लास और उम्मीदों के संग दल्लीराजहरा में नववर्ष का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के क्षेत्र में नववर्ष का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के वातावरण में हुआ। नव वर्ष के पहले दिन सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोगों ने भगवान के दर्शन कर पूजन-पाठ के माध्यम से नए साल का स्वागत व अभिनंदन किया। हालांकि क्षेत्र में जंगली भालू की मौजूदगी को लेकर लोगों के मन में आशंका बनी हुई थी, इसके बावजूद आस्था का उत्साह भय पर भारी नजर आया। श्रद्धालु पूरे विश्वास और सावधानी के साथ मंदिरों तक पहुंचे और नए वर्ष की मंगलकामनाएं मांगीं।

दल्लीराजहरा शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से शाम तक दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। इसके साथ ही दर्शनीय और पर्यटन स्थलों पर भी लोगों की अच्छी-खासी मौजूदगी देखी गई। उद्यानों में बच्चों की किलकारियां गूंजती रहीं और पारिवारिक पिकनिक का आनंद लेते लोग नजर आए। नव वर्ष के अवसर पर कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बड़े गुरुद्वारे में नए साल के आगमन पर श्रद्धा भाव से वाहेगुरु का सिमरन किया गया। नया वर्ष नई आशाओं और नए संकल्पों का प्रतीक माना जाता है। यही विश्वास लोगों को मंदिरों की ओर खींच लाया, जहां उन्होंने भगवान के चरणों में शीश नवाकर बीते वर्ष की असफलताओं को पीछे छोड़, आने वाले वर्ष को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। लोगों का मानना है कि जो कार्य पिछले वर्ष अधूरे रह गए, वे इस वर्ष अवश्य पूर्ण होंगे और सफलता कदम चूमेगी।





### धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर दिनभर रहा उत्सवी माहौल

गुरुवार सुबह से ही नववर्ष अभिनंदन का सिलसिला शुरू हो गया था, जो पूरे दिन जारी रहा। लोग एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं देते नजर आए, वहीं कई परिवार धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों पर पिकनिक मनाकर नए साल की खुशियां साझा करते दिखे। कुल मिलाकर दल्लीराजहरा शहर में नववर्ष का आगमन श्रद्धा, आनंद और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को उत्सवी रंग में रंग दिया।

## नववर्ष पर संवेदना की सौगात, पार्षद सूर्यकला ठाकुर बनीं जनसेवा की मिसाल

**डौंडीलोहारा।** लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे हर सुख-दुख में जनता के सहभागी होते हैं। इसी भावना को साकार करते हुए नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर वार्ड क्रमांक 01 की पार्षद सूर्यकला ठाकुर ने ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दिया। नववर्ष के आगमन पर पार्षद सूर्य कला ठाकुर ने अपने वार्ड की महिलाओं को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए शॉल, कैलेंडर एवं मिठाई भेंट की। यह आयोजन मात्र वस्तु वितरण नहीं था, बल्कि इसमें अपनापन, संवेदना और मानवीय सरोकारों की झलक साफ दिखाई दी। पार्षद ने स्वयं घर-घर जाकर महिलाओं से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और स्नेहपूर्वक उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्ग एवं जरूरतमंद महिलाओं के चेहरों पर खुशी और संतोष की मुस्कान देखते ही बनती थी। महिलाओं ने पार्षद के इस आत्मीय व्यवहार की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें दीर्घायु और सफल जनसेवा का आशीर्वाद दिया। क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना रहा कि जनप्रतिनिधि यदि इसी तरह जनता से जुड़कर कार्य करें तो लोकतंत्र और अधिक मजबूत हो सकता है। इस सेवा श्रृंखला के अंतर्गत नगर के विभिन्न मोहल्लों में भी महिलाओं को शॉल, कैलेंडर और मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांति देवांगन, धर्मिन बाई कोमार्य, रजवंतिन बाई निषाद, बिंदा बाई, मानिक बाई, पुनिया बाई कोमार्य, सोमलता कोमार्य, उमा बाई कोमार्य, ललिता बाई निषाद, बसंती बाई कोमार्य, अमरिका बाई निषाद, रम्भा बाई निषाद, बिसाहिन बाई सिन्हा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी महिलाएं उपस्थित रहीं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पार्षद सूर्यकला ठाकुर का यह प्रयास केवल नववर्ष की औपचारिकता नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच विश्वास, स्नेह और सहयोग की मजबूत डोर को दर्शाता है। नववर्ष पर की गई यह पहल निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगी।







# संगीतमय भागवत कथा सुनकर श्रद्धालुओं ने नए साल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कुरदी बासीन में सियाराम साहू द्वारा आयोजिक कथा में कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोरा के द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में क्षेत्र के भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर विशेष रूप से सम्मिलित हुए। उन्होंने कथा श्रवण कर अपने नए वर्ष का शुभारंभ किया।

बालयोगी विष्णु अरोरा की ओजस्वी वाणी और भजनों की मधुर प्रस्तुति ने पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान बालयोगी जी ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उनके आदर्श आज के आधुनिक समाज के लिए प्रासंगिक हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कथा का श्रवण किया और बालयोगी विष्णु अरोरा से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नए साल की शुरुआत ईश्वर की भक्ति और संतों के सानिध्य से बेहतर और कुछ नहीं हो सकती। भगवान श्री कृष्ण का जीवन हमें धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि यह नव वर्ष हमारे क्षेत्र की जनता के लिए सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए। आयोजन के दौरान पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कथा में आए ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आयोजक सियाराम साहू परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और समरसता का संचार होता है।

■ पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कथा श्रवण कर लिया आशीर्वाद

# विधायक रिकेश के कार्यालय में मात्र एक रुपए में एक्स-रे की सुविधा

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा के रहवासी अब 14 जनवरी से मात्र एक रुपए एक्स-रे करवा सकेंगे। विधायक रिकेश सेन ने जीरो रोड शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में इस योजना का शुभारंभ किया है। आम जनता सुबह 8 से 11 बजे तक एक्स-रे करा सकेंगे। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि एक्स-रे की सुविधा अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह हड्डियों के फ्रैक्चर, संक्रमण जैसे निमोनिया, ट्यूमर, दांतों की समस्याओं और शरीर के अंदर निगली गई वस्तुओं का तुरंत, गैर-आक्रामक और सटीक निदान करने में मदद करती है। इस रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों को सही उपचार योजना बनाने और उपचार की प्रगति की निगरानी करने में मदद मिलती है। इससे अनगिनत जानें बचती हैं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक लगातार विकास के साथ ही सभी को सहज स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके इस प्रयास में हाल ही में उन्होंने विधायक कार्यालय में निःशुल्क ब्लड टेस्ट सुविधा प्रारंभ की है जिसका हर रोज सैकड़ों लोग लाभ ले रहे हैं।

# मीडिया और प्रबंधन की सेतु परंपरा को किया समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र में दीर्घ सेवा के बाद रिटायर हुए महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशांत तिवारी अपने सहज व्यवहार और गहरे अनुभव से प्रबंधन और मीडिया के बीच सेतु की अपने पूर्ववर्ती अधिकारियों की परंपरा को समृद्ध किया। उन्होंने उत्पादन और सामाजिक सरोकार से जुड़ी खबरों को हाईलाइट कराने के साथ परवान चढ़ते बीएसपी की छवि निखारने के साथ इस्पातनगरी की सामाजिक समरसता में उत्कृष्ट योगदान दिया। वरिष्ठता की दृष्टि से वे जनसंपर्क विभाग में दूसरी पीढ़ी के आखिरी वरिष्ठ अधिकारी थे। अपने पिता वरिष्ठ संपादक बसंत तिवारी के मार्गदर्शन में रायपुर के दैनिक अखबारों रायपुर से दस साल के पत्रकारिक अनुभव के साथ 25 नवंबर 1993 में बीएसपी भिलाई में जूनियर मैनेजर ज्वाइन करने वाले श्री तिवारी संयंत्र ने महाप्रबंधक तक विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए सीएसआर व बीएसपी की 3 सहायक यूनिटों की स्थापना के लिए निर्मित कोर कमेटी के सदस्य रहे। खेल, कला,समाज सेवा, पर्यवारण, चिकित्सा सेवा आदि में सकारात्मक योगदान देने वाले प्रशांत तिवारी के लिए बीएसपी के सभी मुखिया व अपने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ काम करना प्रेरक व गौरवपूर्ण रहा। बीएसपी को 11 मर्तबा पीएम ट्राफी व छग स्थापना दिवसर ट्रेड फेयर राज्योत्सव में बीएसपी की ओर से 17 बार भाग लेना व नेहरु अवार्ड तथा बेस्ट पीआर प्रोफेशनल अवार्ड हासिल करने यादगार रहा।

# बीएसपी के 12 कार्यपालक व 71 कर्मी को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से दिसंबर महीने में 91 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें खदान क्षेत्र के 8 सदस्यों सहित 12 कार्यपालक व 71 गैर-कार्यपालक शामिल हैं।

कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, प्रबीर कुमार सरकार, राकेश कुमार, सीएमएलओ कमल भास्कर तथ अरुण कुमार उपस्थित थे।

निदेशक प्रभारी श्री महापात्र ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से संवाद कर संयंत्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनके अनुभव और सुझाव आमंत्रित किए, जिन पर निदेशक प्रभारी एवं कार्यपालक निदेशकों ने चर्चा की। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने कार्यकाल के अनुभवों को किया। कार्यपालक निदेशक प्रभारी सुब्रत मुखोपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार, महाप्रबंधक गोविंद त्र्यंबकराव दांडेगांवकर, महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक महाराणा प्रताप सिंह, महाप्रबंधक मनोज कुमार, महाप्रबंधक अमरेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश कुमार अग्रवाल, सहायक प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, प्रबंधक तनवीर अहमद तथा प्रबंधक यतीन्द्र पुरंग। इसके अलावा भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भी भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. के ठाकुर, महाप्रबंधक जेएनठाकुर और उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

## हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए आमजन को किया जागरूक

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस पर स्कूली छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस आत्मानंद स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर लोगो को हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने संदेश दिया गया। यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से झलमला, पाररास, पड़की भाठ, उमरादाह, बघमरा, दल्ली चौक हॉट बजारों में सड़क सुरक्षा पाम्पलेट वितरण कर आम जनों को जागरूक किया गया।

जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में द्वितीय दिवस 02 जनवरी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद के स्कूली छात्र–छात्रओं के साथ यातायात कार्यालय बालोद के सामने से हेलमेट–सीट बेल्ट जागरूकता रैली निकाल कर शहर भ्रमण किया गया। इस जागरूकता रैली के माध्यम से आम जनों को यातायात नियमों का पालन करने हमेशा हेलमेट, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने का संदेश देते हुए जागरूक करने का प्रयास किया गया है। द्वितीय दिवस झलमला, पारराास, पड़कीभाठ, उमरादाह, बघमरा, दल्ली चौक में यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा पाम्पलेट वितरण किया गया, सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया एंव सड़क सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का स्वंय पालन करने साथ ही अपने प्रियजनों एवं अन्य व्यक्तियों को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है।

■ यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से पाम्पलेट वितरण और संदेश प्रसार





### यातायात पुलिस ने की नागरिकों से अपील

यातायात पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे। आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान मेला मंडाई में जागरूकता कार्यक्रम, समझाईश अभियान एवं वाहन चेकिंग अभियान बालोद पुलिस द्वारा लगातार जारी रहेगा।

# बीएसपी में सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर उद्घाटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में डिजिटल सुदृढ़ता और साइबर सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक सिक्योरिटी आंपरेशंस सेंटर का उद्घाटन बीएसपी के निदेशक प्रभारी (भिलाई इस्पात संयंत्र) चित्त रंजन महापात्र ने किया। यह सेंटर पूरे सेल नेटवर्क में स्थापित होने वाला अपनी तरह का पहला सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर है।

इस्पात भवन में स्थापित यह एसओसी एक केंद्रीकृत सुविधा है, जिसका उद्देश्य संगठन के कंप्यूटर नेटवर्क, आईटी अवसंरचना, प्रणालियों तथा महत्वपूर्ण डेटा पर होने वाले साइबर खतरों की निरंतर निगरानी, पहचान, विश्लेषण और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। यह केंद्र आईटी के साथ ओटी सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेगा तथा चौबीसों घंटे बदलते साइबर खतरों के विरुद्ध सतर्कता सुनिश्चित करेगा। निदेशक (आईआईटी कानपुर) एवं चेयरमैन (सीआईहब) प्रो. डॉ. मनीन्द्र अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, सीजीएम रवि शंकर, प्रोग्राम डायरेक्ट प्रो. सोमित्र सनाढ्य, सीईओ (सी3आईहब) डॉ. तनिमा हाजरा, सीटीओ (सी3आईहब) डॉ. रास द्विवेदी, सीएसओ (सी3आईहब) डॉ. आनंद हांडा सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी एवं ऑटोमेशन एवं डिजिटलाईज़ेशन विभाग की टीम उपस्थित थी।

खबर संक्षेप

## खपरी में शिव महापुराण कथा का आयोजन 4 से

**अंडा।** ग्राम खपरी में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त करने के उद्देश्य से शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 4 जनवरी से 9 जनवरी तक निरंतर चलेगा। कथा का वाचन कथा वाचक पं. शुभम कृष्ण महाराज (धनौरा वाले) द्वारा किया जाएगा। शिव महापुराण कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, लीला और जीवन दर्शन का विस्तारपूर्वक श्रवण कराया जाएगा। कथा आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन के दौरान 13 जनवरी (मंगलवार) को विशेष आकर्षण के रूप में मंडई मेला का आयोजन किया जाएगा। इसी अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार लहर गंगा एवं पुराणिक साहू द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। यह सांस्कृतिक संध्या ग्रामीण संस्कृति और लोककला को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों एवं आसपास के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिव महापुराण कथा का पुण्य लाभ लेने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।

## धनोरा में देवी जस गीत प्रतियोगिता आज से

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में आज से देवी जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजित होने जा रहा है 3 एवं 4 जनवरी को यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित करेगे तत पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ होगा दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि दो दिन तक निरंतर यह प्रतियोगिता चले गा जिसमें एक से एक मंडली अपने झांकी दिखाकर भक्तों का दिल जीत लेगा। प्रथम मंचस्त मंडली शनिवार को जागृति नवदुर्गा सेवा मंडली बजार चौक धनोरा एवं रविवार को जय मां शितला सेवा भजन मंडली हेमंत साहू भजन गायक एवं सतीश साहू धनोरा अपने मंडली के द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ करगे इसी ता को बोरसी हनोदा चंदखुरी कोड़ियां कोकड़ी मड़ोदा नेव ई मे भी जस गीत प्रतियोगिता आयोजित होने जा रहा है अतः अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाए दो दिन तक पुरा गांव एवं सभी भक्तों माता रानी के भक्ती मे डूबे रहे गे इस भक्ति में आकर अपन जीवन धन्मय बनाए।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** आबकारी विभाग व शराब दुकान में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि बागेश्वर सिटी राजनांदगांव निवासी ओमकुमार सिन्हा ने आबकारी विभाग में और शराब दुकान में नौकरी लगने का झांसा देकर 6 लाख 51 हजार 817 रूपये लिया। जिसमें शुभम सोनकर से 1 लाख, गजेन्द्र सोनकर का 90 हजार, प्रियांश सोनकर से 12 हजार और हेम सिंह साहू 1 लाख 20 हजार रूपये को फोन पे और स्केनर के माध्यम से दिया गया। प्रियांश सोनकर 1 लाख 8 हजार, गजेन्द्र 30 हजार, नागेश 37 हजार रूपये नगद वसूला। मामले में पुलिस ने आरोपी ओमकुमार सिन्हा उर्फ ओमप्रकाश की खोजबीन कर उसे राजनांदगांव से हिरासत में लिया गया।

# अंतिम तिथि तक शत- प्रतिशत किसानों की धान खरीदी की जाए सुनिश्चितः दिव्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले किए गए सम्मानित

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में तहसीलवार समीक्षा बैठक ली।

31 जनवरी तक चलने वाली समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शेष 20 दिनों में जिले में सफलतापूर्वक संपन्न होने के साथ शत प्रतिशत किसानों के धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। समीक्षा बैठक में संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं समिति प्रबंधकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत रकबा समर्पण के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी तहसीलों में रकबा समर्पण के अंतर्गत सबसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले धान उपार्जन केन्द्रों के समिति प्रबंधकों के अलावा निगरानी दल में शामिल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने रकबा समर्पण के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी।

### धान खरीदी को लेकर कलेक्टर ने की समीक्षा

#### तहसीलवार ली जानकारी

कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी के कार्य के संबंध में बारी-बारी से तहसीलवार प्रत्येक धान उर्पाजन केन्द्रों में अब तक धान की कुल खरीदी, धान खरीदी हेतु कुल लक्ष्य, पंजीकृत किसानों की संख्या, औसत पैदावार, रकबा समर्पण आदि की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी हेतु अब केवल 20 दिन ही शेष रह गए है। इस 20 दिवसों में हम सभी को जिले के शत प्रतिशत कृषकों का धान खरीदी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के बेहतर कार्य संपादन के फलस्वरूप धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर सफलता भी व्यक्त की।



#### भौतिक सत्यापन के बाद ही जारी करें टोकन

कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित रकबा के आधार पर पात्रतानुसार 1 टोकन के बाद किसानों के दूसरा टोकन काटे जाने पर उपलब्ध धान का सत्यापन के उपरांत ही धान खरीदी करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने किसान के द्वारा दूसरा टोकन के पश्चात तीसरा टोकन कटाए जाने पर संबंधित किसान के पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन के उपरांत ही धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रवार रकबा समर्पण कार्य के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि रकबा समर्पण हेतु बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को धान खरीदी के संबंध में प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाली बैठक में सम्मानित किया जाएगा।

**प्रवचन :** सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथाओं से भक्तजन हुए मंत्रमुग्ध

# श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में संत निरंजन महाराज ने दिया आध्यात्मिक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ मानवता, भक्ति और संतोष का संदेश देकर संत ने बताया आत्मिक सुख का मार्ग

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आमापारा बालोद में संत निरंजन महाराज ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, यदुवंशियो का क्षय की कथाओं का वर्णन किया। भगवान के श्री विग्रह में तुलसीदल अर्पण करते हुए मानवता के महत्व को समझाते हुए संत ने कहा किसी के दुख को देखकर हमारा हृदय द्रवित हो जाए यही सच्ची मानवता है, ईश्वर हर जगह विद्यमान है, इंसान उसे अपने अंदर महसूस ना करते हुए सांसारिक, भौतिक वस्तुओं में ही ईश्वर की खोज करते हुए आनंद प्राप्ति की अपेक्षा रखता है। जो की एक स्वप्न की तरह है। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा सुदामा को आज समाज गरीब ब्राह्मण के रूप में जानता है जबकि सुदामा के पास संतोष रूपी धन था, जो कभी नष्ट नहीं होता, उसका सारा जीवन कृष्ण की भक्ति के लिए समर्पित था। जिसके पास संतोष रूपी धन है उसके समान सुखी इस संसार में कोई नहीं है।

जिनका कभी क्षय नहीं होता। भगवान के द्वार पर सुदामा मांगने नहीं बल्कि देने गए थे। भगवान भाव के भूखे होते हैं भगवान ने सुदामा को संसार की सारी सुख संपत्ति प्रदान कर दी। किंतु सुदामा तो भगवान की भक्ति से ही आत्मिक सुख की अनुभूति नित्य किया करता था। कथा व्यास पंडित निरंजन महाराज ने बताया की सात दिवस की कथा श्रवण करते हुए परीक्षित मुक्ति को प्राप्त कर लिया। अंत में भगवान के श्री विग्रह में तुलसीदल अर्पण कर सभी के जीवन में आध्यात्मिक उन्नति, सुख, समृद्धि की कामना की। आयोजक परिवार द्वारा कृष्ण सुदामा की झांकी निकाली गई। आयोजक कुमार साहू एवं लेखा साहू के परिवार के साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालु भक्तजन चंद्रिका प्रसाद दुबे, आरडी दास, जगदीश देशमुख भोजदाऊ, ललित हरदेल, नारायण सिंह ठाकुर, प्रमोद शर्मा, राजेंद्र साहू, शिव कलिहारी, पांडे, निर्मल श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव, केसर देवांगन, कांति राणा, निर्मला सोनवानी, सुकृति हेमवती सिहारे, वीणा शर्मा, रुखमणी उपस्थित थे।



### गुरूर में तीन दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**गुरूर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की अखंड ज्योति और माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर ग्राम गंगोरीपार में तीन दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ यज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया।

जिसमे प्रथम दिवस की शुरुआत शोभायात्र से हुई, जिसमें क्षेत्र की पीलावस्त्र धारी महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर भजन, कीर्तन किया और तालाब में वरुण देवता की पूजा की। यज्ञ देव मंच पर कथाकार शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्री मीता ठक्कर राजनंदगांव ने भारतीय संस्कृति की आधार शिलाओं शिक्षा और संस्कार के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से प्रतिनिधि मुख्य कथाकार मीता ठक्कर अपनी टोली के साथ उपस्थित थे। उन्होने कहा गायत्री मंत्र में परमात्मा से सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना निहित है और यज्ञ एवं गायत्री मंत्र भारतीय धर्म एवं संस्कृति का प्रतीक है। दूसरे दिन सायन काल में दीप महायज्ञ हुआ। ग्रामीण जन घरों से दीप लेकर शामिल हुए मंत्रें के साथ नव सतयुग की स्थापना के लिए आरती की। तीसरे दिन देव दक्षिण एवं पूणंहुति के साथ यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्या आरंभ संस्कार, गर्भवती संस्कार, मुंडन संस्कार कराया गया। अंत में देव दक्षिणा, पूर्णाहुति के साथ यज्ञ संपन्न हुआ।उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर दुर्गानंद साहू ने कहा गायत्री मंत्र में ही बहुत बड़ी ताकत है, जो व्यक्ति रोज गायत्री मंत्र बोलते हैं, उनका भविष्य बन जाता है। डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा गुरु दीक्षा गुरु और शिष्य की रिश्ता है, जिसमें गुरु अपने जप, तप, साधना, पुण्यकरण शिष्य को प्रदान करता है और इस अवसर पर गायत्री परिजन गंगोरीपार की ग्रामीण जनों की मांग पर गायत्री मंदिर निर्माण के लिए उपाध्यक्ष ने शासन से मांग करने का आश्वासन दिया गया। डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने 5100 हजार रुपए देने की घोषणा किया, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू ने 5100 मंदिर निर्माण के लिए देने की घोषणा किया और इस अवसर पर मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों ने भी बहुत सारे दान दिए और सभी ने मंदिर को जन सहयोग से निर्माण करने की बात कही गई। कार्यक्रम में मुख्य आयोजक राम जी साहू, हेमलाल देवांगन थे। ये रहे उपस्थितः इस अवसर पर हीरक मंडल धनेली अध्यक्ष रघुनाथ साहू, पूर्व अध्यक्ष रामूलाल सिन्हा, राम जी साहू, हरिश्चंद्र साहू, ईश्वर सार्वा, धनाराम साहू, शालिक राम साहू अजीत राम गंजीर, मोरध्वज साहू, रेमन साहू, समारु राम साहू, भूपतराम साहू, राम जी साहू, दुकालू साहू, पूरन साहू, कन्हैया राम साहू एवं हीरक मंडल धनेली के सभी ग्राम के अध्यक्ष एवं गंगोरीपार के ग्रामीण उपस्थित थे।

# डौंडीलोहारा में बाल विवाह उन्मूलन के लिए शपथ संगोष्ठी व नुक्कड़ नाटक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

■ छात्राओं ने संदेशपरक नाटक से बाल विवाह के दुष्प्रभावों को दर्शाया

भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी अभियान एवं छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में शपथ संगोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 11वीं वाणिज्य की छात्राओं पल्लवी, पायल, साधना, देविका, दिव्या, हिमानी, ललिता, लीलम एवं निधि ने व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के मार्गदर्शन में संदेशपरक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से दर्शाया।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टी.एल. देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल कराना है, तो बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त कर बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। वरिष्ठ व्याख्याता रेशमी साहू ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो कानूनी रूप से प्रतिबंधित होने के बावजूद आज भी प्रतिवर्ष लाखों बच्चों के जीवन को प्रभावित कर रही है। इसके गंभीर दुष्परिणामों से बचने के लिए व्यापक जन-जागरूकता आवश्यक है। व्याख्याता पवन सिन्हा एवं हेपशीबा एंथोनी ने संयुक्त रूप से कहा कि देश व प्रदेश की उन्नति के लिए इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना होगा, जिसके लिए गांव, पंचायत, कस्बा स्तर पर सभी धर्मगुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि बाल विवाह का उन्मूलन केवल सामाजिक जागरूकता से ही संभव है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2030 तक देश से बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त करना है। इस अवसर पर शिक्षक भागवत साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन सहित विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नए साल में शुरू हुआ संधारण के बाद उमरपोटी अंडरब्रिज

**भिलाई।** नए साल में संधारण के बाद उमरपोटी अंडरब्रिज गुरुवार को शुरू हो गया। महीनेभर से यह अंडरब्रिज बंद था। जिसकी वजह से लोगों को दो किलोमीटर घूमकर आना-जाना पड़ रहा था। खासकर विद्यार्थियों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। अंडरब्रिज के बीच का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसमें बारिश के बाद पानी भरा रहा। रेलवे ने इस अंडरब्रिज की आवाजाही बंद कर पहले पानी बाहर निकाला गया और उसके बाद सरिया डालकर सीमेंटीकरण किया गया है।

# डौंडीलोहारा में तीन दिवसीय नववर्ष योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

■ विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता और योग के महत्व को बढ़ावा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बगईकोन्हा (सिरपुर) में नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक एवं शाला स्टाफ की अनुमति से तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना रहा। योग शिविर में अनुभवी योगाचार्य पीलू राम साहू द्वारा बच्चों को स्वस्थ, सशक्त एवं दीर्घायु जीवन के लिए विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। शिविर के दौरान बच्चों को प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित अनेक सरल एवं उपयोगी योगासनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही योग के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों की जानकारी भी दी गई। योगाचार्य पीलू राम साहू ने बच्चों को बताया कि नियमित योग करने से शरीर निरोगी रहता है, मन एकाग्र होता है तथा पढ़ाई में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। योग शिविर में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और "योग करेंगे, रोज करेंगे" का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन की सराहना की गई और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई। योग शिविर से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा नववर्ष की शुरुआत सकारात्मक संदेश के साथ हुई।

# गुण्डरदेही में क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन, विजेताओं का किया सम्मानित



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सिकोसा के आश्रित ग्राम मनहोरा में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह मे जनपद सदस्य आसिफ गहलोत शामिल हुए। उन्होने कहा कि क्रिकेट या कोई भी खेल मनुष्य के लिए स्वास्थ्य वर्धक होता है तथा मानसिक संतुलन का संचार करता है, उन्होने ऐसे आयोजन के लिए क्षेत्र के युवा वर्ग को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होने क्रिकेट मे प्रथम स्थान प्राप्त ग्राम पेंड्री और द्वितीय स्थान ग्राम मनहोरा का सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर तिवारी, हेमंत पटेल, लक्ष्मी चंद्राकर, धर्मेंद्र चक्रधारी और ग्राम मनोहर के ग्रामीण उपस्थित थे।

**सहगांव शाला में केवल एक शिक्षिका के भरोसे संचालित हो रही पढ़ाई**

# ग्रामीणों ने दी तालाबंदी की चेतावनी शिक्षक वापसी की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

■ ग्रामवासियों ने की प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग

विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सहगांव में शिक्षकों की कमी से पठन-पाठन व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसी को लेकर ग्रामवासियों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन को शीघ्र समाधान नहीं होने पर तालाबंदी की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला सहगांव में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 64 है। यहां कार्यरत सहायक शिक्षिका हेमलता साहू का संलग्नीकरण सत्र 2024-25 में शासकीय प्राथमिक शाला डौंडी लोहारा में कर दिया गया था। वर्तमान में सहगांव शाला में तीन शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें एक शिक्षक संकुल समन्वयक तथा दूसरा मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण संबंधी कार्यों में संलग्न रहते हैं। परिणामस्वरूप विद्यालय में अध्यापन कार्य सीमित हो गया है।

इधर सहगांव प्राथमिक शाला में केवल एक शिक्षिका के भरोसे कक्षा पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई संचालित हो रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी संकुल समन्वयक एवं मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी अन्य प्रशासनिक व प्रशिक्षण कार्यों में लगाए जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हुई है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि जुलाई 2025 में संलग्न शिक्षिका हेमलता साहू को उनके मूल विद्यालय सहगांव वापस भेजने हेतु आवेदन दिया गया था, किंतु अब तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इस उदासीनता से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों एवं समिति ने मांग की है कि संबंधित शिक्षकों को प्रशासनिक/प्रशिक्षण कार्यों से मुक्त कर अध्यापन कार्य में लगाया जाए तथा शिक्षिका हेमलता साहू को तत्काल उनके मूल पदस्थापना स्थल सहगांव वापस भेजा जाए। मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में दिनांक 05 जनवरी 2026 को विद्यालय में तालाबंदी किए जाने की चेतावनी दी गई है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि बच्चों के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मामला आए दिन सुर्ख़ियों में है, जिससे पालक परेशान रहते हैं, जबकि शिक्षा सत्र समाप्ति की ओर है।

# फ्रूट कंपनी के गोदाम में लगी आग, दो घंटे बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पावर हाउस पर स्थित फल मंडी के पास गुरुवार की रात फ्रूट कंपनी में आगजनी की घटना होने से अपरा तफरी मच गई। हादसे की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस व दमकल की टीम पहुंची और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक पावर हाउस के श्री कृष्णा फ्रूट कंपनी के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग भयनक रुप ले लिया।

गोदाम में रखा गया फल-भंडारण, पैकिंग सामग्री समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी की घटना से आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला सेनानी कार्यालय से दो दमकल वाहन तुरंत पहुंचा। जिनकी मदद से लगातार पानी की बौछार कर आग को बुझाया गया। जिला सेनानी एवं अग्निशमन सेवा दुर्ग के जवान धनु राम यादव के मुताबिक आग काफी भीषण थी, लेकिन फायर टीम ने तुरंत कार्रवाई किया। आग बुझाने के साथ-साथ लगभग आधे घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन भी चलाया गया। जिससे निश्चित किया गया कि कोई व्यक्ति भीतर फंसा न हो। फायर टीम की प्राथमिकता आग को आसपास के अन्य प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोकना था।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यालय में बूथ स्तरीय चर्चा

**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही मंडल के बूथ क्रमांक 176, 177, 178 का बूथ स्तरीय बैठक भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में संपन्न हुआ। जिसमे एसआईआर के संबंध मे सौरभ चोपड़ा बीएलएस 1 विधानसभा गुण्डरदेही ने बैठक लिया। बैठक में मण्डल महामंत्री शैल महोबिया, छगन सोनकर, चेतन सोनकर, मुकेश साहू, रवि देवांगन, अनिल सोनकर, अनूप नामदेव, मनोज बिझेकर, रूम लाल यादव उपस्थित थे।

### ग्राम जगतरा में मेला मंडाई आज

**बालोद।** ग्राम जगतरा में शनिवार 3 जनवरी को मेला मंडाई का आयोजन किया गया है। जहां रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यकम रखा गया है। यह जानकारी ग्रामीण कृष्णा कुमार यादव, तुका यादव ने दी।

### जुन्नापानी में होगी दो दिवसीय रामायण गान स्पर्धा

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम जुन्नापानी में 3 जनवरी से दो दिवसीय मानस गान स्पर्धा प्रारंभ हो रही है जिसमे छत्तीसगढ के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां भाग लेगी, समिति के नौमेश वैष्णव नें उक्त जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मानस प्रसंग का लाभ लेने की अपील की है।

### एकीकृत किसान पोर्टल पर विवरण संशोधन की सुविधा 7 तक

**बालोद।** राज्य शासन ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन व विवरण संशोधन की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए है। जिसके अंतर्गत किसानों के पंजीयन उपरांत विवरण संशोधन की सुविधा अब 7 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी। उल्लेखनीय है कि 15 दिसंबर 2025 तक केसीसी, ई–ऋण, वन पट्टाधारी किसानों समेत अन्य श्रेणी के किसानों के पंजीयन का प्रावधान संबंधित समिति के लॉगिन के माध्यम से किया गया था। एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन बाद विभिन्न किसानों द्वारा अपने विवरण में संशोधन के लिए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। राजस्व विभाग द्वारा किसानों के विवरण का भौतिक सत्यापन किए जाने के बाद विवरण संशोधन की सुविधा 07 जनवरी तक सभी समिति में लॉगिन के माध्यम से जारी रखेगी।

### ओटेबंद में मड़ई मेला 5 को

**अंडा।** ग्राम ओटेबंद में 5 जनवरी सोमवार को ओटेबंद मंदिर यज्ञ स्थल में मंडाई मेला का आयोजन किया गया है, बाजार ठेकेदार ने आस पास के ग्रामीण जन को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मेला का आनंद उठाये यह जानकारी बाजार ठेकेदार मनोज, वासुदेव ,खेमन लाल चंद्राकर ने दी।

### सशक्त ऐप से फिर मिली चोरी की दो बाइक

**भिलाई।** आईजी रामगोपाल गर्ग के द्वारा सशक्त ऐप का पब्लिक मॉड्यूल को आम नागरिकों के लॉच किया गया था। जिसमें दुर्ग पुलिस सशक्त ऐप डाउनलोड कर जागरूक किया। रेलवे स्टेशन दुर्ग क्षेत्र में सशक्त ऐप के माध्यम से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

---

**समीक्षा : नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के सफल आयोजन के संबंध में अफसरों को दिए निर्देश**

# मुख्य सचिव ने आवास, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सकीय सुविधा निर्बाध बिजली आपूर्ति व अन्य सुविधाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मुख्य सचिव विकासशील ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के सफल आयोजन के संबंध में संबंधित विभाग के सचिवों, संचालकों तथा अन्य अधिकारियों के अलावा बालोद जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर आयोजन से जुड़े प्रत्येक बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों एवं बालोद जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को पहली बार आयोजित हो रहे इस नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव विकासशील ने कहा कि बालोद जिले के ग्राम दुधली में प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन राष्ट्रीय आयोजन के गरिमा के अनुरूप बेहतर एवं उत्कृष्ट होना चाहिए। उन्होंने इस प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के भव्य एवं गरिमामय आयोजन हेतु सभी तैयारियां शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव विकासशील ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित विभाग के सचिवों एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों से संपूर्ण व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में बारी–बारी से जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने आयोजन स्थल में अधोसंरचना से जुड़े सभी चीजों के अलावा आयोजन में शामिल होने वाले विद्यार्थियों एवं अन्य आगंतुकों के लिए आवास, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सीय सुविधा, 24 घण्टा निर्बाध विद्युत व्यवस्था, संचार सुविधा, मीडिया सेंटर आदि सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

इसके अलावा उन्होंने मंच निर्माण, वीआईपी एवं आगंतुकों के लिए आवागमन की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आयोजन, पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की समुचित व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल में समुचित मात्र में शौचालय, स्नानागार की व्यवस्था, मोबाईल एवं इंटरनेट कनेक्टिविटी, अग्निशमन एवं एटीएम की उपलब्धता आदि के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के सचिवों एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को इन सभी चीजों की उपब्धता निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने पूरे आयोजन के दौरान 24 घण्टा विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसके लिए उन्होंने समुचित मात्र में जनरेटर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। इसके अलावा आयोजन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों एवं आगंतुकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अस्थाई अस्पताल स्थापित कर चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की तैनातगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने अस्थाई अस्पताल में समुचित मात्र में दवाइयां आदि की उपलब्धता सुनिश्चित भी कराने को कहा।

मुख्य सचिव ने जंबूरी में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए वाहन आदि की समुचित व्यवस्था के अलावा जंबूरी में प्रदान की जाने वाली भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाना बनाने वाले तथा भोजन को वितरण करने वालों को हायजेनिक तरीका अपनाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में मुख्य सचिव ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक से जानकारी लेते हुए कार्यक्रम स्थल एवं आयोजन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुख्ता सुरक्षा मुहैया कराने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

### राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

बैठक में शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने बताया कि जंबूरी का शुभारंभ 10 जनवरी को राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा किया जाएगा तथा जंबूरी के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा 5 दिवसीय जंबूरी के दौरान अलग–अलग दिवसों में केन्द्रीय मंत्रियों के अलावा राज्य शासन के मंत्रियों एवं अन्य गणमान्यजन भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि 9 जनवरी को इस नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी का अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। इसके साथ ही इस नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी में पूरे देश के कुल 12 हजार प्रतिभागी शामिल होंगे जिसमें से छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभागियों की संख्या कुल 4 हजार है। उल्लेखनीय है कि इस 05 दिवसीय आयोजन में विदेशी प्रतिभागी भी शामिल होंगे।

### होगी पुख्ता सुरक्ष व्यवस्था

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के सफल, बेहतर एवं गरिमामय आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाने की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने पूरे आयोजन के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।

---

## पाहंदा व मोहभट्ठा में मनी बाबा गुरुघासीदास की जयंती



**जामगांव आर।** ग्राम पाहंदा एवं मोहभट्ठा मे बाबा गुरुघासीदास की 269वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू थी। समारोह में पंथी नृत्य पारंपरिक परिधानो के साथ प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि आज 269 वीं जयंती मनाई जा रही है, लेकिन सवाल इस बात का है कि हमसे कितने लोग आज भी गुरु घासीदास जी के बताए हुए संदेश का पालन कर रहे हैं। उनके किसी एक लक्ष्य का भी पालन हम करते हैं तो हमारे जीवन की यह सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। बाबा घासीदास सत्य के पुजारी थे, बाबा के संदेश उपदेश को पालन करने वाला सत्य का राही होगा, तब जीवन का उद्धार हो पाएगा। हम सिर्फ गुरु को मानते है और गुरु की बात नहीं मानते है तब समस्या खड़ी होने लगती है।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, मेहतरू मनहरे, सतखोजन देशलहरे, निलेश बघेल, रेखलाल, शिव, सोमन, डोमन, बलदाऊ बंजारे, आत्माराम, भगवानी देशलहरे, भाजपा युवा नेता प्रखर कुमार यादव, पालेन्द्र कुमार, कमलेश यादव, अभिषेक सेन, शंकर साहू उपस्थित थे।

## गुरूर में जल संरक्षण के लिए बरसाती नाला में किया बोरी बंधान

**गुरूर।** दरगहन में जल संरक्षण के लिए बरसाती नाला में बोरी बंधान किया गया। जिसमें ग्रामीणों के सहयोग द्वारा श्रमदान के माध्यम से कार्य किया गया। यह नाला खारून नदी की सहायक शाखा नाला से बहती है। जनशक्ति से जलशक्ति अभियान के तहत शुरू किए गए इस कार्य में ग्रामीणों का भरपुर सहयोग मिला। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल की समस्या उत्पन्न होती है। नदी–नालों से पानी बहकर चला जाता है, ऐसे में बोरी बंधान कारगर साबित होगा। ग्रामीणो को जिम्मेदारी तय करते हुए एकजुटता का एहसास कराते हुए इस समस्या से निपटने के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कामता प्रसाद, माधुरी, त्रिवेणी, परमेश्वरी, श्यामा, जयंत्री, शिवरात्रि, पदमा, किशुन, चैन सिंह, अलख, अग्रेश्वर, डीकेश्वर, बालकिशुन, हरीश, याशीश, निर्मला एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## ताम्रध्वज साहू ने किया मां बम्लेश्वरी के चरणों में नमन ...



**अंडा।** छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर नव वर्ष 2026 का आगमन हो गया है। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने पूरे परिवार के साथ डोंगरगढ़ स्थित विश्वविख्यात मां बम्लेश्वरी मंदिर का दर्शन किया। इस पवित्र यात्रा के माध्यम से उन्होंने न केवल अपनी भक्ति व्यक्त की, बल्कि प्रदेश की सुख–समृद्धि, खुशहाली, शांति और उन्नति की प्रार्थना की। ताम्रध्वज साहू ने मंदिर के ऊपरी बम्लेश्वरी मंदिर और निचले बम्लेश्वरी मंदिर दोनों स्थानों पर विधि–विधान से पूजन कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। पूजा के पश्चात ताम्रध्वज साहू जी ने मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नव वर्ष का यह अवसर हमें नई ऊर्जा प्रदान करता है। मां बम्लेश्वरी की कृपा से छत्तीसगढ़ न केवल समृद्ध बने, बल्कि यहां का प्रत्येक नागरिक सुख–समृद्धि का भागीदार हो।

---

## नववर्ष पर माध्यमिक विद्यालय परसदा में बच्चों ने लगाया आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- शाला प्रांगण में हुआ रामायण पाठ

नववर्ष के पावन अवसर पर ग्राम परसदा स्थित माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रांगण में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। रामायण पाठ का वाचन तुलसी पथ मानस परिवार द्वारा किया गया।

इस दौरान तरूण साहू, चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा, महेंद्र साहू, यादो राम साहू एवं ढेलूराम साहू ने सहभागिता निभाते हुए श्रद्धापूर्वक रामायण पाठ किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ की गई। विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से पूजा कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें माध्यमिक प्रधानपाठक महेश चंद्राकर, प्राथमिक प्रधान पाठक यीतेश ध्रुवे, शिक्षक रविन्द्र चंद्राकर, श्रीमती महोबिया, एवं श्रीमती साहू मैडम शामिल रहे। साथ ही ग्राम प्रमुख सत्यवती साहू, सरपंच सरस्वती साहू, पंचगण एवं ड्रोन दीदी भुवनेश्वरी साहू भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहीं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। आनंद मेला में बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और विद्यालय परिसर उल्लास से भर उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक, नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का विकास करना रहा।

## 168 लोगों के नेत्र ऑपरेशन के लिए समाजसेवी प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



- संजय बैस ने पितृ–भक्ति को किया चरितार्थ

माता-पिता की सेवा संतान का धर्म है, लेकिन उनके देहावसान के बाद उनके नाम पर समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करना ही सच्ची 'पितृ-भक्ति' है। कुसुमकसा क्षेत्र में पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने इस परिभाषा को चरितार्थ कर दिखाया है। अपने पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्होंने केवल श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया साथ ही परोपकार का ऐसा दीप जलाया, जिसमें पहले किस्त में 29 दिसंबर सोमवार को 60 व्यक्तियों को लेकर संजय बैस स्वयं रायपुर लेकर गए थे सफल ऑपरेशन के बाद वे कल सभी 60 लोगों को वापस कुसुमकसा लेकर आए हैं । जहां सभी मरीजों का सफल ऑपरेशन के लिए बधाई देकर भव्य स्वागत किया गया । आगामी 2 जनवरी कल फिर 60 लोगों को ऑपरेशन के लिए रायपुर ले जाया जाएगा तथा इसके बाद इसके बाद 48 लोगों को ऑपरेशन के लिए रायपुर ले जाया जाएगा । इस तरह कुल 168 लोगों का किया जाएगा नेत्र ऑपरेशन जाएग । आपरेशन कराकर लौटीं जयंती बाई नेताम ने रुधे गले से बताया कि संजय ने एक बेटे का फर्ज निभाया है। आंखों के आपरेशन से लेकर हमारे आने-जाने और खाने-पीने की इतनी अच्छी व्यवस्था की थी कि हमें महसूस ही नहीं हुआ कि हम घर से बाहर हैं। वहीं, अनुपा नामक महिला ने कहा कि भागवत कथा के साथ इतना बड़ा शिविर लगाना और फिर खुद के खर्च पर रायपुर ले जाकर इलाज कराना एक महान कार्य है। इस सेवा कार्य की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि मरीजों को घर से अस्पताल ले जाने, वहां रहने, भोजन, दवाइयों और आपरेशन का पूरा खर्च बैस परिवार ने वहन किया। प्रत्येक मरीज को एक विशेष पहचान पत्र पहनाया गया था ताकि अस्पताल में उन्हें किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

### माता-पिता की सेवा करें, धर्म व परोपकारी कार्य में दें योगदान



**बालोद।** ग्राम कुरदी में गुरुदेव लेखचंद साहेब के सानिध्य में नववर्ष की पर गुरुजी द्वारा भक्तों को आशीर्वचन दिया गया। जिसमें संत, गुरुओं का आदर व माता-पिता की सेवा एवं धर्म व परोपकारी कार्यों में अपना योगदान के लिये ज्ञान दिया। कार्यक्रम में साध्वी सरोज,, हीराराम साहू, डॉ. प्रकाश देवांगन, युवराम साहू, केशुराम साहू, पवन साहू, लोकशरन साहू, नीलकंठ साहू, वामन साहू, लल्लू राम साहू, नारायण साहू, शिशुपाल साहू, चन्द्रेश साहू, डिलेश्वर साहू, ताम्रध्वज साहू, रवि साहू, मनोहर साहू, कलिन साहू, लुमन साहू, पदमनी देवांगन, योगिता साहू, पोमिन साहू, फगनी साहू, लीला साहू, टिकेश्वरी साहू, लता साहू, शारदा साहू, गोदावरी साहू उपस्थित थे। उक्त जानकारी तुकेश्वर साहू ने दी।

---

### बालोद में ग्राम पटेल संघ की मासिक बैठक 4 को

**बालोद।** तहसील ग्राम पटेल संघ बालोद की मासिक बैठक 04 जनवरी को दोपहर 12 बजे मां बंजारी धाम जुगेरा में आयोजित किया गया है। संघ के उपाध्यक्ष भाव सिंह यदुवंशी ने बताया 16 जनवरी को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है, जिसकी तैयारी के संबंध में चर्चा किया जाएगा। बैठक में तहसील बालोद के ग्राम पटेलो उपस्थित रहेंगे

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**सत्यम, शांति, अहिंसा और समानता के आदर्शों पर आधारित समारोह**

## गुण्डरदेही में धूमधाम से मनी गुरु घासीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



नगर के सतनाम भवन साप्ताहिक बाजार परिसर में सत्य, शांति, अहिंसा, क्षमता एवं समानता के प्रतीक, संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि वर्तमान भाजपा सरकार में सतनामी समाज के 4 विधायक नेतृत्व कर रहे हैं, जिनमें से दो को कैबिनेट मंत्री का महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व मिला है। यह समाज के प्रति सरकार के विश्वास को दर्शाता है।

कार्यक्रम में राज–महंत और समाज के लोग श्वेत ध्वज के नीचे एकत्रित हुए और बाबा जी के बताए मार्ग मनखे–मनखे एक समान के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने की। जबकि मुख्य रूप से जिला सतनामी समाज बालोद अध्यक्ष संजय बारले उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, विनय कुमार बंजारे, पार्षद सेवक महिपाल, जनपद सदस्य देविका बंजारे, हेमलता देशलहरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे व मानसिंग देशलहरा उपस्थित थे। अध्यक्ष ने इस अवसर पर समाज की सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। साथ ही उन्होंने जैतखाम के सौंदर्यीकरण कार्य कराने की महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने समाज को आश्वस्त किया कि वे अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाडा से मुलाकात कर समाज की अन्य मांगों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम मे अन्य वक्ताओं ने भी बाबा गुरु घासीदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा पर जोर दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तहसील सतनामी समाज के अध्यक्ष नीलकंठ टंडन, गोपाल बंजारे, दिलीप देशलहरा, सरोज बाला बंजारे, निशा मारकंडे, दमयंती मारकंडे, कन्हैया लाल मधुकर, पुरुषोत्तम मारकंडे, मन्नूलाल देशलहरा, खूब लाल देशलहरा, डीलेश्वर सोनेश्वरी, चेतन तिलेश्वरी बघेल, महेंद्र राज भानु प्रकाश टंडन, बाला राम सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ओजस्वी कोसरिया, छबिलाल बंजारे एवं प्रभुराम टंडन द्वारा किया गया। पंथी नृत्य और भक्ति गीतों के साथ जयंती समारोह का समापन हुआ।

